<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रोफेसर ज्योति पलोड़ नेशनल फेलो ऑफ एनिमल न्यूट्रिशन अवार्ड से सम्मानित

पंतनगर। 21 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड़ को एनिमल न्यूट्रिशन एसोसिएशन द्वारा फेलो ऑफ एनिमल न्यूट्रिशन से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एनिमल न्यूट्रिशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दुवासु, मथुरा में 16–18 फरवरी 2023 तक आयोजित तीन–दिवसीय 12वें द्विवर्षीय कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में कुलपति एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया गया। प्रोफेसर पलोड़ को यह सम्मान उनके द्वारा एनिमल न्यूट्रिशन के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान एवं उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है।

डा. पलोड़ की इस उपलब्धि के लिए आयोजन समारोह में उपस्थित कुलपति, अधिष्ठाता, सोसायटी के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विधार्थियों ने इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी। डा. पलोड़ को पूर्व में फेलो आफ इण्डियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन तथा नेशनल फेलो आफ एनिमल प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट से सम्मानित किया जा चुका है।



डा. ज्योति पलोड़ को सम्मानित करते अतिथिगण।